# Jain Engineers Society News
## For Social Cause

Society Registration No. -IND/5887/2001, dtd 20.02.2002

Year : 9, Edition : 12 Indore, 20 December, 2010 Page : 4 Rs. : 12/- (Yearly)


**JES THOUGHT :** None are so empty as those who are full of themselves - Benjamin Whichcote

# जेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिये ऐतिहासिक मेम्बर रजिस्ट्रेशन

जेस का पांचवा राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 22 एवं 23 जनवरी 2011 को पुष्पगिरि तीर्थ क्षेत्र पर पंचकल्याणक महोत्सव (दिनांक 16 से 24 जनवरी 2011) के दौरान जेस उज्जैन चेप्टर के आतिथ्य में रखा गया है।

उज्जैन के इंजी. अतुल जैन जो अधिवेशन के अध्यक्ष है ने बताया कि सभी चेप्टर्स एवं सामान्य सदस्यों का अधिवेशन के लिये अत्यधिक रूझान है एवं हमारी आशा से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए है, एवं निरन्तर जारी है। इस कारण सभी व्यवस्थाओं का पुनः आकलन कर इन्तजाम किया जा रहा है जिसमें ठहरने के लिये टेन्ट व्यवस्था एवं आवागमन के साधन भी हैं।

अधिवेशन में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रत्येक सदस्य परिवार से रू. 1,000/- मात्र नगद, डी.डी. अथवा चेक द्वारा लिया जा रहा है। भाग लेने वाले सदस्य अपना नाम, पता एवं परिवार के सदस्यों के नाम एवं उम्र लिखकर अवश्य भेजें ताकि उचित इन्तजाम किये जा सकें। कार्यक्रम में चेप्टर सदस्यों के अलावा अन्य सामान्य सदस्य जो किसी चेप्टर के सदस्य नहीं है, रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

अधिवेशन के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम रखे गये हैः-

क) दिनांक 21 की शाम अथवा 22 की प्रातः सभी सदस्य अपने परिवारजनों के साथ पुष्पगिरि पहुँचेगें। बाहर से आने वाले सदस्य उनके पहुँचने का कार्यक्रम उज्जैन चेप्टर के ई-मेल jes.ujjain@gmail.com अथवा कन्वेशन कमेटी के इंजी. मनिष जैन (मो. 094068 80766), इंजी. दीपक जैन (मो. 093023 66003), अथवा इंजी. शैलेन्द्र जैन (मो. 094068 22103) पर सम्पर्क कर बतला सकते हैं ताकि उन्हें पुष्पगिरि तक पहुँचाने का इन्तजाम किया जा सके।


ख) दिनांक 22 जनवरी शनिवारः-
1) प्रातः 9 से 10:30 बजे सुबह का नाश्ता।
2) प्रातः 10:30 बजे गन्धर्वपुरी के लिये बस द्वारा प्रस्थान।
3) दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे गन्धर्वपुरी से लौटकर सुबह का भोजन पुष्पगिरि पर।
4) दोपहर 2:30 बजे से 4:00 बजे कि तपकल्याणक के दौरान प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमामालिनी की नृत्य नाटिका निलांजना।
5) शाम 5 से 6 बजे शाम का भोजन।
6) रात्रि 7 बजे से 10 बजे सभी चेप्टर्स के सदस्यों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम।

ग) दिनांक 23 जनवरी रविवारः-
1) प्रातः 9 से 10 बजे सुबह का नाश्ता।
2) प्रातः 10:30 से 1 बजे तक अधिवेशन का शुभारंभ एवं प्रथम सत्र।
3) 1 से 2 बजे तक दोपहर का भोजन।
4) 2 से 3:30 बजे तक अधिवेशन का द्वितीय सत्र।
5) 3:30 से 3:45 बजे तक चाय।
6) 3:45 से 5:30 बजे तक अधिवेशन का तृतीय सत्र।
7) 5:30 से शाम के भोजन के बाद कार्यक्रम का समापन एवं अपने-अपने स्थानों के लिये रवानगी।



कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के लिये सभी सदस्यों को निमंत्रण पत्र प्रेषित किये जा रहे हैं। जेस फाउण्डेशन अध्यक्ष इंजी. संतोष कुमार बंडी एवं महासचिव इंजी. संतोष कुमार जैन (इण्डोरामा) ने सभी सदस्यों का आव्हान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनावें एवं साथ ही धर्मलाभ भी लेवें।

☐ इंजी. अतुल जैन



जैस फाउन्डेशन इन्दौर चैप्टर एवं उज्जैन चेप्टर सदस्य पुष्पगिरि क्षेत्र पर


*With best Compliments from :*

**ITL INDUSTRIES LTD**

111, Sector-B, Sanwer Road, Indore, http://www.itlind.com

India's leading Metal Cutting Solution Provider and manufacturer of ERW Tube & Pipes Production Equipments.

## जैन इंजीनियर्स सोसायटी, भोपाल चेप्टर की ४ दिवसीय जयपुर–अजमेर यात्रा।






जैन इंजीनियर्स सोसायटी, भोपाल चेप्टर के लगभग 60 सदस्यों की जयपुर–अजमेर की बहुत ही व्यवस्थित एवं रोचक यात्रा रही । इस यात्रा में जयपुर भ्रमण के साथ साथ जयपुर के पास स्थित पद्मपुरा, सांगानेर एवं चूलगिरी तीर्थ क्षेत्र की यात्रा तथा अजमेर भ्रमण के साथ नारेली तीर्थ क्षेत्र, अजमेर दरगाह शरीफ एवं नसियाजी के दर्शन भी किये।

इस यात्रा के संयोजक इंजी. शरद सेठी, एवं यात्रा प्रभारी इंजी. आनंद मनिया, इंजी. पवन गोयल, तथा श्रीमती विजया सेठी, श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती भारती जैन व श्रीमती शोभना कियावत ने यात्रा की व्यवस्थाओं की जबावदारी को बहुत अच्छे से निभाते हुये, यात्रा को आनंदमयी एवं रोचक बनाया।

यात्रा में ट्रेन तथा बस में विभिन्न खेल आयोजित किये गये तथा अंताक्षरी व चलित तम्बोला का काफी आनंद लिया गया । यात्रियों का आपसी सहयोग एवं समन्वय एवं प्रबंधन की ग्रुप के अध्यक्ष इंजी. शरदचंद्र रोठी एवं सचिव शरद सेठी द्वारा सराहना की गई।

जैन इंजीनियर सोसायटी, भोपाल चेप्टर द्वारा जयपुर में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रुप के लगभग सभी सदस्यों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया । ग्रुप के सदस्यों द्वारा [illegible] नृत्य किया गया, जिसकी सभी ने काफी सराहना की एवं ग्रुप के सभी सदस्य तथा जयपुर के सभी सहयोगी परिवार भी झूमने लगे। बेस्ट कपल नृत्य का अवार्ड इंजी. शरद सेठी एवं श्रीमती विजया सेठी को दिया गया।

जयपुर में समस्त यात्रियों की ठहरने की व्यवस्था जयपुर स्थित सेठ [illegible] ठोलिया धर्मशाला में श्री सुदीप जी ठोलिया के सौजन्य से की गई। श्री ठोलिया जी के द्वारा की गई व्यवस्था की सभी यात्रियों बहुत बहुत प्रशन्सा की। अजमेर में श्री जिनेश जी सोगानी एवं श्री प्रमोद जी सोनी का भी इस यात्रा में सराहनीय सहयोग रहा । जैन इंजीनियर सोसायटी, भोपाल चेप्टर श्री सुदीप जी ठोलिया एवं उनके परिवार का तथा श्री जिनेश जी सोगानी एवं श्री प्रमोद जी सोनी का अभार व्यक्त करती है।

▯ (इंजी. शरद सेठी)

## जेस कोटा चेप्टर के सहयोग से हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन







दिनांक 27 व 28 नम्बम्बर 2010 को अणुवृत भवन गुमानपुरा कोटा में जैन इंजीनियर्स सोसाइटी कोटा चेप्टर एवं उपभोक्ता सहयोग संस्थान के सहयोग से हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के लिये सटाना जिला नासिक (महाराष्ट्र) से डा. संजय पाटिल एवं उनकी सहयोगी टीम ने सेवाये दी। शिविर में पंजीयन हेतु बहुत बडी संख्या में लोगों का रूझान रहा किन्तु समय की उपलब्धता का देखते हुये 150 लोगों का पंजीयन किया गया। शिविर के शुभारम्भ कार्यकम के मुख्य अतिथि श्री राकेश सोरल उप महापोर कोटा थे तथा अध्यक्षता दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजमल जी पाटोदी ने की। शिविर के प्रारंभ में अतिथियों एवं मरीजो का स्वागत जेस कोटा के अध्यक्ष अजय वाकलीवाल ने किया तथा उन्होने विस्तार से शिविर की उपादेयता पर प्रकाश डाला। डा. संजय वी पाटील ने अपने उद्बोधन में बताया कि हार्ट पेशेन्ट अब अपना उपचार बगैर अस्पताल में भर्ती हुये एवं बिना आपरेशन कराये नाम मात्र के खर्च में आसानी से करवा सकेगें ओर यह संभव है कार्डिओग्राफी और किलेशन थेरेपी से। उन्होने बताया कि इस पद्धति में एक ड्रिप पेशेन्ट को लगाई जाती है ओर उसी से शरीर में दवा छोडते है। उन्होने बताया कि हृदय रोग की जांच ओर उपचार के प्रचलित विकल्प एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी ओर बाईपास सर्जरी काफी मंहगे ओर मरीज के लिये दर्द भरे साबित होते है। इस आधुनिक कम्प्यूट्राइज्ड तकनीक से महज 25 से 30 मिनिट में हृदय रोग के 24 लक्षणों का पता लगाया जा सकता है। रोगी के हार्ट में ब्लाकेज दूर करने के लिये ड्रिप चढाई जाती है जिसमें सिंथेटिक एमिनो एसिड इ.डी.टी.ए. (ईथिलिन डाई एमाइन टेट्रा एसिडिक एसिड) सहित 15 तरह की अन्य ऐलोपेथिक दवाऐ होती है। ये दवाये धमनियों में जमा हुये खराब कोलेस्ट्रोल, केल्सियम ओर टाक्सिक पदार्थो को मूत्र के जरिये बाहर निकाल देती है। डा. पाटील ने बताया कि ऐलोपेथिक दवाये के कुछ साईडइफेक्ट हो सकते है, अतः रोगी के फेफडे, लीवर, या किडनी संबंधी बीमारी होने पर उसे यह थेरेपी नही देते है। उन्होने बताया कि इस केमिकल थेरेपी को अभी भारत में मेडिकल एंसोसियेशन आफ इंडिया (एम सी आई) से मान्यता नही मिली है विदेशों में इसको मान्यता मिली हुई है। इस थेरेपी से हजारों लोग लाभान्वित हो रहे है। शिविर में प्रथम दिन 70 मरीजों व दूसरे दिन 80 मरीजो की जांच की गई। उपभोक्ता सहयोग संस्थान का डा. वी.के. जैन ने शिविर को सफल बनाने में अत्याधिक सहयोग दिया। जेस के सचिव आर.के. जैन एवं उपभोक्ता संस्थान के श्री महावीर जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

▯ इंजी राजेन्द्र कुमार जैन
सचिव

**Free Membership of Jain Engineers' Society**

For Noble cause join Jain Engineers Society . Get free copy of this news letter every month .All sect of Jain Engineers and Diploma Holders can apply on line at www.jainengineerssociety.com or post your application giving Name, Fathers name, spouse name, DOB, and full local address and permanent address with phone and E mail. You can open local Chapters in your City / Town, contact Secretary General JES Foundation atjainengineers@eth.net or post to 144 Kanchan Bag Indore 452002

## Er Nidhi Jain receives award in the USA

JES Indore Chapter Electrical Committee's Chairman Er. Arun Jain's daughter and daughter in law of JES Indore Treasurer Er. Ashok Dhanote, Er. Nidhi Jain receives Leadership Award for Academic Excellence & Professional Promise during Convocation Ceremony of MBAs at Tennessee University (Knoxville), USA, which is a matter of pride for all of us.

Er. Nidhi Jain passed out from Indore based Saint Raffles Hr. Sec. School, as Best Student and BE (Electronics) Gold Medalist from SGSITS, Indore, as well as Best Student Awardee at NIIT, Mumbai. during her MBA course.

Before moving to USA, she served Glaxo Smith Cline Consumer Health Care Limited, and received the award for excellence in her role as Procurement Manager, from GSK House, London.



## अमृतवाणी

१. आचार्य कहते हैं - ओछेपन वाला व्यक्ति बड़ा बन जाने पर अधिक ओछापन करता है। सज्जन व्यक्ति बड़ा बनने पर और भी सरल हो जाता है।

२. यदि कोई कम धन में सुख का अनुभव करना नही चाहता तो अपार धन राशि भी उसे सुखी नही बना सकती।

३. जब बात बिगड़ जाती है तो उसे ठीक करना मुश्किल होता है इसलिए वाणी पर संयम रखना व परिणाम पर विचार करना चाहिये।

४. अपना दुखड़ा हर इंसान के आगे नही रोना चाहिये।

५. अगर थोड़े दिनों के लिये विपदा आ जाये तो कुंदन का काम करती है। जैसे आग में सोना कुंदन बनता है।

६. टूटी दोस्ती जोड़ी तो जा सकती है पर मजबूत नही बनाई जा सकती है।

७. जुबान सिर्फ तीन इंच लम्बी होते हुए भी छः फीट आदमी को परास्त कर देती है।

८. भाग्य और पुरुषार्थ की तुलना ताश के खेल से की जा सकती है। ताश के खेल में अच्छे बुरे पत्ते आना हमारे भाग्य के फल के समान है। परन्तु उन पत्तों से हम किस प्रकार खेलते हैं यह हमारे पुरुषार्थ के समान है।

९. जो मनुष्य किसी की सुनकर पेट में रखता है वह आदमी लाख रुपये का, जो एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देता है, वह आदमी सौ रुपया का और जो आदमी कान से सुनकर जुबान से निकालता फिरता है वह दो कौड़ी का होता है।



संकलन - रेखा राजेन्द्र जैन

## Beautiful Sentences--

Someone has written these beautiful sentences. Must read and try to understand the deep meaning of it. They are like Ten Commandments to follow in the life all the time.

1] Prayer is not a "spare wheel" that you pull out when in trouble, but it is a "steering wheel" that directs the right path throughout.

2] Do you know why a Car's WINDSHIELD is so large & the Rearview Mirror is so small ? Because our PAST is not as important as your FUTURE. Look Ahead and Move on.

3] Friendship is like a BOOK. It takes few seconds to burn, but it takes years to write.

4] All things in life are temporary. If going well, enjoy it, they will not last forever. If going wrong, don't worry, they can't last long either.

5] Old Friends are Gold ! New Friends are Diamond ! If you get a Diamond, don't forget the Gold ! Because to hold a Diamond, you always need a Base of Gold !

6] Often when we lose hope and think this is the end, GOD smiles from above and says, "Relax, sweetheart, it's just a bend, not the end !

7] When GOD solves your problems, you have faith in HIS abilities; when GOD doesn't solve your problems HE has faith in your abilities.

8] A blind person asked Swami Vivekananda:"Can there be anything worse than losing eye sight?" He replied: "Yes, losing your vision!"

9] When you pray for others, God listens to you and blesses them, and sometimes, when you are safe and happy, remember that someone has prayed for you.

10] WORRYING does not take away tomorrows' TROUBLES, it takes away today's' PEACE .

## Ban Plastic Grocery Bags-

Enacting one of the nation's most aggressive environmental measures, the Los Angeles County Board of Supervisors voted yesterday to ban plastic grocery bags in unincorporated areas of the county. The ban, which will cover nearly 1.1 million residents countywide, is to the point: "No store shall provide to any customer a plastic carryout bag." Grocers who choose to offer bags will sell them for 10 cents each. Environmentalists hope that the ban will help diminish the 6 billion plastic bags used in LA each year, 1.5 billion of which ends up as "urban tumbleweed" on the street.

Similarly Rajasthan government has brought out a ban on polythene bags in the state from today. Violating the ban could land you in jail till 5 years and even pay Rs one lakh as fine. Make it a habit to use reusable bags at the store.

So following are alternatives to ban polythene bags in M.P.

1. Put heavy tax on poly bags in reverse thickness wise, i.e. thinner the bag tax is higher, like Rs. 1/- per bag, made of thinnest polythene, which is generally used by vegetable vendors.
2. To make people carry Basket or Cotton bags from home to buy Sabji in Hat or from vegetable vendors, put ban in carrying / selling vegetable in poly bags. This will reduce half the poly bags.
3. Give incentive to low income group in house industries making bags out of old news papers / brown papers.
4. Like in Jodhpur, ask Big shopkeepers to use old cloth bags for sold items packing while handing over to customer.
5. Finally-We do not inherit the earth from our ancestors; we borrow it from our children.

Er M K Malu JES, BHEL Bhopal

## JES Indore Traffic Committee Chairman's letter to the Administration

Road accidents in and around Indore have attended serious position. Daily serious and fatal vehicle accidents are taking place due to over speeding and rash driving.

Fatal and serious road accidents are mainly due to over speeding and rash driving. Most of the accidents occurs, when the traffic on the road is less during late night and on wider roads like Ring Road, Bypass, AB Road and roads passing out from Indore. But,

1. There is no checking on over speeding and dangerous driving.
2. There are no sign boards of speed limit on almost all the roads.
3. Police do not have devices to measure speed of the vehicles to check over speeding.

   Negligent drivers have no fear of punishment so road accidents are increasing and innocent people are killed with no reason. Road accidents are neither epidemic nor a terrorist act. It is not so difficult to control.

Unless Speed Limit sign boards are not provide at an interval of 5 KM or so, the police is provided with speed measuring devices (Speed Radar Gun), over speeding and dangerous driving is checked effectively, killing of innocent people in road accidents may not be controlled.

It is therefore, once again requested that concerned department should stop criminal negligence and take all steps immediately to check over speeding and rash driving so that vehicle accidents are controlled.



Er S.K.Jain

## EAGLES IN A STORM

Did you know that an eagle knows when a storm is approaching long before it breaks?

The eagle will fly to some high spot and wait for the winds to come. When the storm hits, it sets its wings so that the wind will pick it up and lift it above the storm. While the storm rages below, the eagle is soaring above it.

The eagle does not escape the storm. It simply uses the storm to lift it higher. It rises on the winds that bring the storm.

When the storms of life come upon us - and all of us will experience them - we can rise above them by setting our minds and our belief toward God. The storms do not have to overcome us. We can allow God's power to lift us above them.

God enables us to ride the winds of the storm that bring sickness, tragedy, failure and disappointment in our lives. We can soar above the storm.

Remember, it is not the burdens of life that weigh us down, it is how we handle them.

Sushil Sethi
Managing Director
SPML Infra Limited

## श्रुत संवर्द्धन संस्थान द्वारा 51 हजार रुपये का पत्रकारिता पुरस्कार इंजी. रमेशकासलीवाल को

इन्दौर। उपाध्यायश्री ज्ञानसागरजी की प्रेरणा से निर्मित श्रुत संवर्द्धन संस्थान मेरठ द्वारा प्रवर्तित आचार्यश्री विमलसागरजी महाराज भिण्ड की स्मृति में प्रति वर्ष प्रदान किया जाने वाला पुरस्कार इस वर्ष जैन पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिये वीर निकलंक (मासिक)के कांतिकारी संपादक/पत्रकार/चिंतक इंजी. रमेश कासलीवाल को प्रदान किया जाएगा। वीर निकलंक के परामर्शदाता श्री जयसेन जैन न बताया कि उक्त पुरस्कार के अंतर्गत उन्हे शाल, श्रीफल स्मृति उपायन के साथ 51 हजार रुपये की नगद राशि, पुरस्कार स्वरुप प्रदान की जायेगी। उक्त पुरस्कार समर्पण समारोह कांतिकारी संत उपाध्यायश्री ज्ञानसागरजी महाराज के सान्निध्य में बैंगलोर में 27 दिसम्बर 2010 को भव्य स्तर पर आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। श्री कासलीवाल को प्रदान किये जाने वाले उक्त पुरस्कार की घोषणा की जानकारी होते ही नगर के एवं देश के कई आत्मीयजनों ने उन्हे बधाई प्रेषित की।



## Please Wash Your Hands.........

A greater 'hole in tne wall' you cannot imagine. A small fading sign on the top saying Cellphoon Repairs barely visible through the street vendors crowding the Juhu Market in Mumbai. On my way to buy a new Blackberry, my innate sense of adventure (foolishness) made me stop my car and investigate. A shop not more than 6 feet by 6 feet. Grimy and uncleaned.

'Can you fix a Blackberry?
'Of course, show me
How old are you
'Sixteen'

Bullshit. He was no more than 10. Not handing my precious Blackberry to a 10 year old in unwashed and torn T shirt and pyjamas! At least if I buy a new one, they would extract the data for me. Something I have been meaning to do for a year now.

What's wrong with it?
Well, the roller track ball does not respond. It's kind of stuck and I cannot operate It .

He grabs it from my hand and looks at it.

You should wash your hands. Many customers have same problem. Roller ball get greasy and dirty, then no working'

Look who was telling me to wash my hand. He probably has not bathed for 10 days, I leaned out to snatch my useless Blackberry back.

You come back in one hour and I fx it .

I am not leaving all my precious data in this unwashed kid's hands for an hour. No way.

Who will fix it?
'Big brother'.

'How big is 'big brother?'
'Big......umm...thirty'

Then suddenly big brother walks in. 30??? He is no more than 19.

'What problem?' He says grabbing the phone from my greasy hand into his greasier hand. Obviously not trained in etiquette by an upmarket retail store manager.

Normal Blackberry problem. I replace with original part now. You must wash your hand before you use this'.

What is this about me washing my hands suddenly?? 19 year old big brother rummages through a dubious drawer full of junk and fishes out a spare roller ball packed in cheap cellophone wrapper.

Original part? I doubt it.

But by now I am in the lap of the real India and there is not escape as he fishes out a couple of screwdrivers and sets about opening my Blackberry.

how long will this take?
Six minutes .

This I have to see. After spending the whole morning trying to find a Blackberry service centre and getting vague answers about sending the phone in for an assessment that might take a week, I settle down next to this grubby cramped work space. At least I am going to be able to watch all my stored data vanish into virtual space. People crowd around to see what's happening. I am not breathing easy anyway. I tell myself this is an adventure and literally have to stop myself grabbing my precious Blackberry back and making a quick escape.

But in exactly six minutes, the kid handed my Blackberry back. He had changed the part and cleaned and serviced the whole phone. Taken it apart, and put it together. As I turned the phone on,

there was a horriric 2 minutes where the phone would not come on. I looked at him with such hostility that he stepped back.

You have more than thousand phone numbers?
'Yes'.

'Backed up?'
'No'

'You must back up. I do it for you. Never open phone before backing up'
'You tell me that now?'

But then the phone came on and my data was still there. Everyone watching laughed and clapped. This was becoming a show. A six munute show.

I asked him how much.

'500 rupees' He ventured uncertaily. People around watched in glee expecting a negotiation. That is 10 dollars as against the Rs.30,000 ($ 600), I was about to spend on a new Blackberry or a couple of weeks without my phone. I looked suitably shocked at his 'high price' but calmly paid him. Much to the disappointment of the expectant crowd.

'Do you have an I-phone? Even the new '4' one?
'No. Why?'

'I break the code for you and load any 'app' or film you want. I give you 10 film on your memory stick on this one, and change evey week for small fee'.

I went home having discovered the true entrepreneurship that lies at what we call the 'bottom of the pyramid'. Some may call it piracy, which of course it is, but what can you say about two uneducated and untrained brothers aged 10 and 19 that set up a 'hole in the wall' shop and can fix any technology that the greatest technologists in the world can throw at them.

I smiled at the future of our country.....therein lies the REAL India....& NOT in our USELESS CORRUPT POLITICIANS.

'Pleas wash your hands before use' were his last words to me. Now I am feeling seriously unclean.

Courtesy
Swayam Utthan, Indore

# संस्था की छवि से आपकी छवि है।

एक बार स्वामी रामतीर्थ जापान की यात्रा पर गये, वहां विभिन्न शहरों में उनके कई कार्यक्रम थे। ऐसे एक कार्यक्रम में भाग लेने वे ट्रेन से जा रहे थे। गाड़ी एक स्टेशन पर रुकी उन्हे कुछ फल खाने की इच्छा हुई, परन्तु स्टेशन पर अच्छे फल नही मिले। इस पर स्वामी जी ने स्वाभाविक प्रतिकिया व्यक्त करते हुए कहा कि – लगता है जापान में अच्छे फल नही मिलते। उनकी यह बात सहयात्री जापानी ने सुनली, वह कुछ बोला नही, जब स्टेशन आया तो फुर्ति से उतरा और कहीं से एक पेकेट ताजा मीठे फल ले आया और स्वामी जी को दे दिये। स्वामी जी ने उसे धन्यवाद दिया और उसकी कीमत पूछी। जब कीमत देने पर स्वामी जी ने जोर डाला तो वह बोला, मुझे कीमत नही चाहिये, मुझे तो बस इतना आश्वासन दे दो कि अपने देश लौटकर आप किसी से नही कहेंगे कि जापान में अच्छे फल नही मिलते। इससे हमारे देश की छवि खराब होती है। उसकी इस भावना से स्वामी जी गद् गद् हो गये।

प्रायः हम भावावेश में आकर कभी कभी अपने परिवार, अपनी जाति, अपने समाज, अपने देश के प्रति अनुचित बातें कह जाते हैं कभी कभी तो हम अपने देव शास्त्र, गुरु के विरुद्धभी बोल जाते हैं। उस समय हम उसके दूरगामी परिणामों से अनभिज्ञ रहते हैं। परन्तु धीरे धीरे यही चिन्गारी विद्रोह दावाग्नि बन जाती है और संबधित व्यक्ति, जाति, संस्था, समाज या देश के भविष्य पर, उसकी प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगा देती है।

अतः पाठकों से निवेदन है कि संस्था, देश, समाज, देव शास्त्र, गुरु की छवि से ही हमारी छवि प्रभावित होती है इसलिए –

तन, मन, धन से करें समर्पण
पूर्ण लगन ओर दृढ़ विश्वास
से संस्था की छवि निखरती प्रति पल
एवं चतुमुखी होता है विकास।

# JES Aurangabad Chapter's activities

After the success of our Programme of " Couple Counselling" the team has been working on few of the concepts/Ideas received from you all members . After having a few core committee meeting the JES Aurangabad team has finalised three programmes in line with our objectives to be done in the next 3 - 4 Months. We would like to brief about the same

1) We all are Jain's but our generation and the coming one does not have that much knowledge about our religion. We have seen that the older generation because of the systems of "PATHSALA" have gained knowledge and due the same carry interest in it. In order to motivate all youngster / Children we are thinking of starting Pathsala's. Er Nilesh Pahade 9422203157 and Er Vishal Pande 9325212186. Have been appointed as Project Chairman.

2) Our this years theme is " Stop Global Warming". One of the method to stop the same is the use of "Non-Conventional " Source of energy. We had the idea to adopt a small village in and around Aurangabd and see that if we can generate the total village Elecrticity requirment from Solar/Wind Energy. The JES Aurangabad team recently had the opportunity to meet one of our senior member from Pune Chapter Er Prakash Badjatia ( Director - Lighting Division MIT college , Pune) and he has suggested us to take up one of our Tirth "Kachnerji" and do the said activity. He has assured us full support for the project. The project chairman for this activity is Er Amit Nankharia 9422201537 and Er Sachin Ajmera 9423151968 . They have already done the preliminary audit of the Tirth and progressing well.



3) In continuation to the above we are also in discussion with some manufacturers of Solar Water heater systems for bulk purchase for our members and the society at large wherein we can get a optimum price with Govt subsidy. Those interested should contact our project Chairman Er Apurva Sethi 9890393151 and Er Kamal Pahade 09970300061 for their requirements ASAP so that we can get good bulk discounts .

□ Er Rajesh Patney
President - JES Aurangabad Chapter

## जैन इंजीनियर्स सोसायटी, उज्जैन चेप्टर की साधारण सभा

जैन इंजीनियर्स सोसायटी की साधारण सभा श्री महावीर तपोभूमि उज्जैन मे दिनांक 12 दिसम्बर 2010 को आयोजित की गई। इंजी. दीपक जैन ने सभा का संचालन किया। सभा का प्रारम्भ श्रीमती रीमा भरत शाह एंव श्रीमती संगीता अतुल जैन के मंगलाचरण से किया गया। इंजी. मनीश जैन द्वारा पुश्पगिरि मे दिनांक 22 एंव 23 जनवरी 2011 मे आयोजित वार्शिक अधिवेशन की विस्तृत जानकारी प्रदान कीं गई एंव अधिवेशन के दौरान विभिन्न कमेटियो के गठन के बारे मे जानकारी दी। इंजी. आर. सी. जैन एंव इंजी जे.के.जैन ने अधिवशन में परिचर्चा के लिये वेस्ट मैनेजमेन्ट विशय पर सभी सदस्यो से लेख, स्लोगन एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि तैयार करने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर जेस फाउन्डेशन महासचिव इंजी. एस.के. जैन ( इन्डोरामा ) एवं सचिव जेस फेडरेशन इंजी. आर.एस. जैन (ITL) विशेश रूप से आमंत्रित थें।अतिथिद्वय ने अधिवेशन के बारे में अपने विचार व्यक्त किये एवं उज्जैन चेप्टर को अधिवेशन की जिम्मेदारी निभाने के लिये बधाई देते हुए शुभकामनाए दी एवं जेस के द्वारा किये जा रहे कार्यो एव उददेश्यों के बारे मे जानकारी प्रदान की एवं सभी चेप्टरस के द्वारा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उज्जैन चेप्टर के अध्यक्ष इंजी. सत्येन्द्र जैन , सचिव इंजी. प्रवीण जैन ने सभी सदस्यो की सहमति से पंचम जेस अधिवेशन के लिये इंजी. अतुल जैन (मेटल फोर्जर) को चेयरमेन एवं इंजी. एम. पी. जैन, इंजी अतुल जैन (विशाल इलेक्टिकल) एंव इंजी. शैलेन्द्र शाह को अधिवेशन संरक्षक नियुक्ति पर बधाई दी। इंजी. अतुल जैन (मेटल फोर्जर) ने अतिथियों एवं सभी सदस्यों से अधिवेशन को सफल बनाने के लिये अपील की एंव नये सदस्यो को जेस परिवार में जोड़ने पर जोर दिया जिससे अधिवशन को नई उचाईयां प्रदान की जा सके। अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमो को भव्य स्वरूप देने के लिये सभी महिलाओं ने आगे आकर जिम्मेदारी ली और सफलता के लिये आश्वस्त किया।

सभा में बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया।



अध्यक्ष इंजी. सत्येन्द्र जैन द्वारा अतिथियों एवं सदस्यो का आभार व्यक्त किया।

□ इंजी. प्रवीण जैन
सचिव

### Answer of Puzzle Point # 2 : "Average Speed?"

It is impossible to average out the speed of car at 60 kmph for entire trip. Reason behind this is that total time required to average out is 2 minutes, A car has already consumed 2 minutes during first section.

**Correct answers are received from following participants.**

Puzzle Point # 2 : Names are displayed in order of answer received.

| Sr. No. | Name of Participants | Global ID No. | City |
|---|---|---|---|
| 1 | Er. Mahendra Kumar Malu | 101379 | Bhopal |
| 2 | Er. Prashant Shah | 101092 | Bharuch |
| 3 | Er. Suresh Kasliwal | 101269 | Bhopal |
| 4 | Er. Aayush Jain | 100395 | Indore |
| 5 | Er. Arvind Barjatya | 101692 | Indore |
| 6 | Er. M L Nagori | 100122 | Indore |

**Pl. write your Name, G.ID No., Organization, City, etc. while sending your answer. Such details will help us to identify you and compilation of correct participants for displaying their name.**

**Congratulations to all who had solved Puzzle Point #2 successfully.**

**Puzzle Point # 3**
Date : 20/12/2010

**Jain Engineers Society News**
Puzzle Master : Er. M P Shah, GNFC, Bharuch, Gujarat.

"Yes, I am Engineer"

**If the length of rectangle is increased by 25% and its width is decreased by 25%, What will be the percentage change in its area?**

Send answer to cmpshah@gmail.com (B4 07/01/11)

## दांतों की सुरक्षा कैसे करें। -डॉ. नेहा गोयल

जेस इंदौर चेप्टर की पारिवारिक सभा अपना पेलेस धार रोड पर संपन्न हुई सभा में जेस के दिनांक २२-२३ जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के विषय ००वेस्ट मेनेजमेंट पर डॉ. ममता कुमार जैन ने विस्तार से बताते हुए कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत अपरिग्रह का पालन करते हुए सभी वस्तुओं का पुनरुपयोग किया जाना चाहिए. दुनिया की एक चोथाई जनता की रोजी रोटी बचे हुए पदार्थो के उपयोग से ही चलती है.

सभा में सुप्रसिद्ध दन्त विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती नेहा गोयल ने सभी सदस्यों, विशेष रूप से बच्चों को दन्त सुरक्षा कैसे करे इस सन्दर्भ में विस्तार से बताया जिसमें प्रतिदिन सुबह एवं रात में ब्रश करना विशेष रूप से जरुरी है. दांतों की सफाई, आड़े तिरछे दांतों को एक लाइन में करना, दुर्घटनाओं में टूटे जबड़ो को कैसे सुधारना, नयी तकनीक का उपयोग करते हुए कम खर्च में कैसे नये दांत बनाना आदि पर उन्होंने प्रकाश डाला. महिलाओं ने विशेष रूप से बच्चों से संबंधित कई सवाल पूछे. सभा की अध्यक्षता श्री एस.के.जैन ने की एवं श्री राजेन्द्र सिंह निदेशक इंदौर टूल्स विशेष अतिथि थे. सभा में सदस्यों को वैवाहिक वार्षिकी पर सम्मानित किया गया. सभा के संयोजक श्री शैलेन्द्र अभिलाषा जैन एवं शैलेन्द्र मीनू कटारिया थे. मंगलाचरण श्रीमति अलका धनोते, श्रीमति अभिलाशा जैन और श्रीमति मीनू कटारिया द्वारा किया गया।




सभा में सचिव इंजी. निकेतन सेठी ने पुष्पगिरी पंचकल्याणक के बारे में जानकारी दी और बताया की पुष्पगिरी की आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं की योजना एवं क्रियान्वयन का कार्य जेस किया जा रहा है. कार्यक्रम का संचालन इंजी. श्री निकेतन सेठी ने किया एवं अतिथियों का आभार श्री एन.के.जैन ने माना

इंजी. निकेतन सेठी मानद सचिव

### CONTACT FOR LOCAL CHAPTERS

| | | |
|---|---|---|
| INTERNATIONAL FOUNDATION | - | Er. Santosh Bandi (President (M) 9300023181 Er. Santosn K. Jain, Indore (General Secretary), (M) 9993063331 |
| INDORE CHAPTER | - | Er. N.K. Jain (President), (M) 9827070556 Er. Niketan Sethi (Hon. Secretary), (M) 09425060804 |
| BHOPAL CHAPTER | - | Er. Sharad Chand Sethi, (President), (M) 9893650291 Er. Sharad Sethi (Hon. Secretary), (M) 09425601131 |
| KOTA CHAPTER | - | Er. Ajay Bakliwal, (President), (M) 09829036056, Er. R.K. Jain (Hon. Secretary), (M) 9414726829 |
| UJJAIN CHAPTER | - | Er. Deepak Jain, (President), (M) 09425050484 Er. Bharat Shah (Hon. Secretary), (M) 9826057049 |
| JAIPUR CHAPTER | - | Er. Akhilesh Jain (President) Ph: 0141-2396283, (M) 98290-53981 Er. R.K. Sethi, (M) 98292-55130 |
| SAGAR CHAPTER | - | Er. Neelesh Jain, (President) Ph : 07582-244901, (M) 9406531900 |
| HARIDWAR CHAPTER | - | Er. Ashok Kumar Jain, (President) Ph : 1334-234856, (M) 09837099348 |
| SANGLI CHAPTER | - | Er. BhaskarKognole, (President) Ph: 0233-2320600 |
| KANPUR CHAPTER | - | Er. S.K. Jain, (President) Ph : 0512-2553457, Patron-Shriyut Shripal ji Jain (M) 98395-47676 |
| VIDISHA CHAPTER | - | Er. Anil Jain, (President) Ph: 07592-232295 |
| MUMBAI CHAPTER | - | Er. LalitSanghavi (President) (M) 98210-16736 |
| NAGPUR CHAPTER | - | Er. Rajeev Jain (President) (M) 9881741032,9960085566 |
| DELHI CHAPTER | - | Er. Subhash Jain (President) Ph: 011-24638792(0) |
| AURANGABAD | - | Er. Rajesn Patney (M) 09370068601, Er. Chetan Thole (M) 09822791020 |
| BANGLORE CHEPTER | - | Er.Ajit Jain-099019 48892 |

### NEW CHAPTERS

**JODHPUR CHAPTER, JHANSI CHAPTER, BHILWARA CHAPTER, AJMER CHAPTER, GWALIOR CHAPTERS, AGRA CHAPTER, AHEMDNAGAR CHAPTER NASIK CHAPTER, WASIM CHAPTER, SURAT CHAPTER**

इस पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों, संकलन एवं विचारों के लिए लेखक/प्रेषक/संकलनकर्ता स्वयं उत्तरदायी है, सम्पादक एवं सम्पादक मण्डल का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। पत्रव्यवहार के लिए पता– जैन इंजीनियर्स सोसायटी, 7–डायमंड कॉलोनी, अग्रवाल स्टोर्स के पीछे, एम.जी. रोड, इन्दौर–452 001 (भारत)
फोन: 0731-3044602 E-mail-jainengineers@eth.net, Website- www.jainengineerssociety.com

**BOOK-POST**
**PRINTED MATTER**

RNI : MPBIL/2004/13588
डाक पंजी. क्रं आयडीसी/डिवीजन/1130/2009-11

TO,

**If undelivered, please return to :**
Jain Engineers' Society, 144, Kanchan Bagh, Indore 452001 (M.P.)

Owned & Published by Rajendra Singh Jain From 144, Kanchan Bagh, Indore (M.P.) & Printed by Nirmal Graphics Press, 340, Nayapura, Indore (M.P.)
Editor - Er. Rajendra Singh Jain